मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में स्थानांतरित हो कर आने वाले चीतों का नामीबिया में चीता संरक्षण कोष (सीसीएफ) के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के एक दल द्वारा पहली स्वास्थ्य जांच की गई है। यह जानकारी नामीबिया में भारतीय उच्चायुक्त ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के जरिए दी। भारतीय उच्चायुक्त के आधिकारिक अकाउंट से सोमवार शाम को ट्वीट किया गया, ''चीता कंजर्वेशन फंड के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के दल ने प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ लॉरी मार्कर के नेतृत्व में कुनो नेशनल पार्क मध्यप्रदेश में स्थानांतरित होने वाले चीतों का पहला स्वास्थ्य परीक्षण किया।

इस दौरान उच्चायुक्त प्रशांत अग्रवाल मौजूद रहे। हम नामीबिया के पर्यावरण और पर्यटन मंत्रालय को धन्यवाद देते हैं।'' स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि चीतों के दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से अगले महीने केएनपी में आने की उम्मीद है। लंबी यात्रा और पर्यावरण के परिवर्तन के चलते इन चीतों को यहां समायोजित होने में समय लगेगा। अधिकारियों ने कहा कि केएनपी में चीतों के अनुकूलन चरण के लिए बनाए गए पांच वर्ग किमी के बाड़े में छह तेंदुए घुस गए थे। उनमें से दो को खदेड़ दिया गया बाकी चार को कई दिनों से बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने रविवार को कहा कि अब इन तेंदुओं को भगाने के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) के दो हाथियों को तैनात किया जा रहा है। एसटीआर के निदेशक एल कृष्णमूर्ति ने पीटीआई-को बताया कि हाथियों ने अपने महावतों के साथ रविवार सुबह सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से केएनपी तक 800 किलोमीटर की यात्रा शुरु कर दी है। इससे पहले मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) जेएस चौहान ने कहा था कि लंबी यात्रा के कारण चीते तनाव में आ सकते हैं इसलिए उन्हें अनुकूलता के लिए एक बाड़े में रखना जरूरी है। भारत ने चीतों के आयात के लिए नामीबिया सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। देश में 1952 से चीते विलुप्त हैं।

# राष्ट्रीय पर्व भारत के 75वें स्वतंत्रा दिवस की सभी नगरवासियों एवं देशवासियों को डबरा नगर पालिका परिषद की ओर से

# हार्दिक शुभकामनाएं...


श्रीमती लक्ष्मी देवी अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद डबरा


प्रदीप शर्मा
डबरा एसडीएम एवं प्रशासक


सतेंद्र दुबे उपाध्यक्ष नगर
पालिका परिषद डबरा


महेश पुरोहित मुख्य नगर
पालिका अधिकारी, डबरा

## अपील

1. निकाय द्वारा जारी कंप्यूटरीकृत संपत्ति कर जलकर एवं अन्य करों के बिल प्राप्त होने पर ऐसा समय बिल की राशि जमा कराकर अधिभार से बचें।
2. जल ही जीवन है जल का दुरुपयोग ना करें।
3. पवन स्वामी अपने-अपने भवनों में रूफ़ वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाकर जलस्तर बढ़ाने में सहयोग प्रदान करें।
4. नगर पालिका की भूमि एवं शासकीय भूमि पर अतिक्रमण ना करें।
5. नगर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने में नगरपालिका का सहयोग करें कचरा नियत स्थानों पर ही डालें।
6. जन्म मृत्यु का पंजीयन समय पर कराएं तथा निकाय से कंप्यूटरीकृत जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करें।
7. नगर पालिका से अनुमति प्राप्त कर ही भवन निर्माण करें।
8. शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।
9. नगर में वृक्षारोपण कर नगर को हरा भरा बनाने में सहयोग प्रदान करें।

---

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आप सभी को नगर परिषद भितरवार की ओर से नगरवासियों को

# स्वतंत्रता दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं


**दिनेश सोनी**
सीएमओ
भितरवार नगर परिषद


**अश्विनी कुमार रावत**
एसडीएम-भितरवार

■ नगर को साफ स्वच्छ रखें ■ नल में टोंटी अवश्य लगायें

# पाकिस्तान की पहली हिंदू महिला डीएसपी बनी मनीषा रूपेता...



## मनीषा रूपेता अपने रिश्तेदारों की तमाम आशंकाओं को गलत साबित करके रोमांचित महसूस कर रही

तमाम विपरीत हालात पर जीत हासिल करते हुए पाकिस्तान की पहली हिंदू महिला पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) बनी मनीषा रूपेता अपने रिश्तेदारों की तमाम आशंकाओं को गलत साबित करके रोमांचित महसूस कर रही हैं। अब उनका एक ही लक्ष्य : नारीवादी अभियान की कमान संभाल कर 'महिलाओं की संरक्षक' बनना और पितृ सतात्मक समाज में लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करना है। सुदूरवर्ती सिंध प्रांत के जैकोबाबाद की रहने वाली 26 वर्षीय रूपेता का मानना है कि कई अपराधों का निशाना महिलाएं होती हैं और वे पुरुष प्रधान पाकिस्तान में सबसे अधिक उत्पीड़ित समाज हैं।


रूपेता ने पिछले साल सिंध लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वह 152 सफल अभ्यर्थियों की मेरिट सूची में 16वें स्थान पर रहीं। वह प्रशिक्षण ले रही हैं और उन्हें ल्यारी के अपराध प्रभावित क्षेत्र में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैंने और मेरी बहनों ने बचपन से ही पितृसत्ता की पुरानी व्यवस्था देखी है जहां लड़कियों से कहा जाता है कि अगर वे शिक्षित होकर काम करना चाहती हैं तो वह केवल शिक्षक या चिकित्सक ही बन सकती हैं। एक मध्यवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली रूपेता ने कहा कि वह इस धारणा को खत्म करना चाहती हैं कि अच्छे परिवारों की लड़कियों को पुलिस सेवा में शामिल होने या जिला अदालतों में काम करने से बचना चाहिए। उन्होंने कहा, महिलाएं सबसे अधिक उत्पीड़ित हैं और हमारे समाज में वे कई अपराधों का शिकार होती हैं। मैं पुलिस में इसलिए शामिल हुई क्योंकि मुझे लगता है कि हमें अपने समाज में एक महिला रक्षक की जरूरत है। महिलाओं के खिलाफ शारीरिक और यौन हिंसा, ऑनर किलिंग और जबरन विवाह के मामलों के चलते पाकिस्तान को महिलाओं के लिए दुनिया के सबसे खराब देशों में से एक माना जाता है। विश्व आर्थिक मंच के 'ग्लोबल जेंडर इंडेक्स' ने कुछ साल पहले पाकिस्तान को नीचे से तीसरे स्थान पर रखा था। पाकिस्तान 153 देशों 151वें स्थान पर था।

महिला अधिकारों के लिए काम करने वाले एक पाकिस्तानी गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'औरत फाउंडेशन' की एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, देश में लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं अपने जीवन में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा की शिकार हुई हैं। यह हिंसा आमतौर उनके पतियों द्वारा की जाती है। रूपेता का मानना है कि एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के रूप में उनका काम महिलाओं को सशक्त बनायेगा और उन्हें अधिकार देगा। उन्होंने कहा, मैं एक नारीवादी अभियान का नेतृत्व करना चाहती हूं और पुलिस बल में लैंगिग समानता को प्रोत्साहित करना चाहती हूं। मैं खुद हमेशा पुलिस बल की भूमिका से बहुत प्रेरित रही हूं। रूपेता की सभी तीन बहन चिकित्सक हैं और उनका छोटा बाई मेडिसिन की पढ़ाई कर रहा है। उनके पिता जैकोबाबाद में एक व्यवसायी थे। रूपेता जब 13 साल की थीं तब उनकी मृत्यु हो गई थी। उनका पालन-पोषण उनकी मां ने किया, जो अपने पति की मृत्यु के बाद अपने बच्चों के साथ कराची चली गई थीं।



# रेप के आरोप में मिर्ची बाबा गिरफ्तार... महिला ने दर्ज कराया दुष्कर्म का केस

हमेशा चर्चा में रहने वाले वैराग्यनंद गिरि उर्फ मिर्ची बाबा रेप केस में फंस गए हैं। मिर्ची बाबा को सोमवार रात को ग्वालियर के एक होटल से गिरफ्तार किया गया है। बाबा पर एक दिन पहले ही 28 साल की महिला ने भोपाल के महिला थाने में रेप का केस दर्ज कराया है। मिर्ची बाबा को नागा बाबा का दर्जा प्राप्त है। वे खुद को हरिद्वार के पंचायती निरंजनी अखाड़ा का महामंडलेश्वर कहते हैं।



पीड़िता रायसेन की रहने वाली है। उसने शिकायत में पुलिस को बताया था कि उसकी शादी को चार साल हो चुके हैं। बच्चे नहीं हैं, इसलिए मिर्ची बाबा के संपर्क में आई थी। बाबा ने पूजा-पाठ कर संतान होने का दावा किया। इलाज के नाम पर महिला को नशे की गोलियां खिलाकर रेप किया। घटना इसी साल जुलाई की है। विरोध करने पर बाबा बोला- बच्चा ऐसे ही होता है। ग्वालियर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश डंडोतिया की टीम ने भोपाल पुलिस के इनपुट पर के आधार पर कार्रवाई की। डंडोतिया व उनकी टीम ने होटल नारायणन से मिर्ची बाबा को रात में गिरफ्तार कर लिया। फिर भोपाल पुलिस को सौंप दिया है। बताया जाता है कि इस संबंध में भोपाल पुलिस कमिश्नर ने SSP ग्वालियर को फोन किया था। हालांकि, अभी तक पुलिस ने अधिकृत रूप से इस खबर को पुष्ट नहीं किया है।

मिर्ची बाबा मध्यप्रदेश के पूर्व CM दिग्विजय सिंह के खास माने जाते हैं। कमलनाथ सरकार में बाबा को राज्यमंत्री का दर्जा था। साल 2019 में लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह की जीत के लिए पांच क्विंटल लाल मिर्ची का हवन किया था। मिर्ची बाबा ने तब ऐलान किया था कि अगर दिग्विजय सिंह चुनाव नहीं जीते तो वो जल समाधि ले लेंगे। दिग्विजय की हार के बाद जल समाधि लेने के लिए भोपाल कलेक्टर से अनुमति मांगी थी, जो नहीं मिली थी।








# एलिजाबेथ द्वितीय को लेकर मचा बवाल

विश्व के इतिहास में साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद ये दो शब्द ही दुनिया चला रहे थे। साम्राज्यवाद ताकत का पर्यायवाची था और उपनिवेशवाद कमजोरी का। वक्त बदला दो विश्व युद्ध हो गये और अब लोकतंत्र जैसी व्यव्सथा भी विश्व में कई बड़े देशों ने अपनायी हैं ऐसे में अब साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद शब्द को नकारात्म रूप से देखा जाने लगा हैं। अब एक जबरदस्त हंगामा ऑस्ट्रेलिया में देखने को मिला जब स्वदेशी ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर लिडिया थोर्प शपथ ले रही थी तब उन्होंने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को एक



उपनिवेशवादी के रूप में संदर्भित किया। और निर्वाचित सांसद के रूप में पद की शपथ लेते हुए अनिच्छा से निष्ठा की शपथ ली। 96 वर्षीय रानी ऑस्ट्रेलिया की राज्य की प्रमुख हैं उन्हीं को साक्षी मानकर शपत ली जाती है ऐसे में थोर्प ने विरोध अपना विरोध प्रकट करते हुए सदम में मुठ्ठी उटाकर रानी का विरोध किया और अनिच्छा ने निष्ठा की शपथ ली। ग्रीन्स सीनेटर थोर्प ने कहा, 'मैं संप्रभु, लिडिया थोर्प, पूरी निष्ठा और ईमानदारी से शपथ लेती हूं कि मैं वफादार रहूंगी और मैं महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के उपनिवेश के प्रति सच्ची निष्ठा रखती हूं।'





75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
कौशलेंद्र विक्रम सिंह, कलेक्टर ग्वालियर
आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस
की समस्त देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...


75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
अमित सांघी, ग्वालियर पुलिस अधीक्षक
आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस
की समस्त देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील :-
1. करों का भुगतान करें।
2. नगर स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग दें।
3. पर्यावरण सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण करें।
4. अपने घर का गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में इकट्ठा करें, और प्रतिदिननगर पालिका के कचरा वाहन में डालें।
5. विवाह, जन्म मृत्यु का पंजीयन समय पर करवायें।
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
अरूणा जैन
अध्यक्ष
संध्या रघुवंशी
उपाध्यक्ष
हरिप्रसाद जाटव
सीएमओ
नगर परिषद, आरोन, जिला गुना


75 आज़ादी का अमृत महोत्स
जयराज कुबेर, एडिशनल एसपी, ग्वालियर ग्रामीण
आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस
की समस्त देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...


75 आज़ादी का अमृत महोत्स
जयती सिंह, सीईओ स्मार्ट सिटी, ग्वालियर
आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस
की समस्त देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं...


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
शारदा देवी साहू
अध्यक्ष
विक्रम मीना
उपाध्यक्ष
अपील :-
1. करों का भुगतान करें।
2. नगर स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग दें।
3. पर्यावरण सुरक्षा हेतु वृक्षारोपण करें।
4.. अपने घर का गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में इकट्ठा करें, और प्रतिदिननगर पालिका के कचरा वाहन में डालें।
5. विवाह, जन्म मृत्यु का पंजीयन समय पर करवायें।
पूरन सिंह कुशवाह
सीएमओ
नगर परिषद, कुम्भराज
नगर परिषद, कुम्भराज जिला गुना

# प्रदेश के गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने इंदौर में किया ध्वजारोहण, परेड की सलामी ली



जिले में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्ण गरिमा के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाइन परिसर में सुबह 9 बजे आयोजित मुख्य समारोह में इंदौर जिले के प्रभारी तथा प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विभिन्न विभागों के दल परेड में हिस्सा ले रहे हैं इसमें ट्रॉफिक, बीएसएफ, आरएपीटीसी, फर्स्ट बटालियन, 15वीं बटालियन, होम गार्ड, जिला पुलिस बल के महिला और पुरुष बल, एनसीसी, स्काउट, रेडक्रॉस दल प्रमुख रूप से रहेंगे। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक जयसिंह तोमर करेंगे। उनका अनुकरण टूआईसी श्री गजेन्द्र सिंह निगवाल करेंगे। समारोह में बैंड भी आकर्षण का केन्द्र रहेगा। समारोह में वर्ष भर के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

गृह, जेल, संसदीय कार्य, विधि विधायी कार्य विभाग एवं इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र प्रातः 8:45 बजे रुस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (आरएपीटीसी) परेड मैदान के लिए प्रस्थान करेंगे। वे प्रातः 9 बजे परेड मैदान पहुंचकर स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित किये जा रहे मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्री डॉ. मिश्र 10.45 बजे शासकीय महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिल्या आश्रम-2 बाणगंगा में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात वे प्रातः 11.15 बजे कैट व्यापारी संस्था द्वारा मुसाखेड़ी चौराहे पर आयोजित तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करेंगे। वे प्रातः 11:45 बजे प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट मैनेजमेंट द्वारा आयोजित 75वें आजादी अमृत महोत्सव के कार्यक्रम में भाग लेंगे।





स्वतंत्रता दिवस की समस्त देशवासियों को

बहुत बहुत

शुभकामनाएं

प्रो. नारायण दास गुप्ता



आज़ादी का अमृत महोत्सव

आज़ादी का अमृत महोत्सव

जोधपुर मिष्ठान्न भंडार डबरा की ओर से समस्त डबरा वासियों को स्वतंत्रता दिवस की

बहुत बहुत शुभकामनाएं

हमारे यहाँ शुद्ध एवं ताजी मिठाईयां सदैव उपलब्ध रहती है



: शुभकामनाएं कर्ता :

प्रो. महेंद्र एवं समस्त परिवार



आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वतंत्रता दिवस की समस्त नगरवासियों और देशवासियों को

बहुत बहुत

शुभकामनाएं

# कार्यालय नगर पालिका परिषद अशोकनगर (म.प्र.)



आज़ादी का अमृत महोत्सव

**75वें स्वतंत्रता दिवस की समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं**



## नव निर्वाचित परिषद के शपथ विधि समारोह में पधारे सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत, अभिनंदन

अपील

- 1. अपने घरों का कचरा नियत स्थान पर या नगरपालिका द्वारा चलाये जा रहे वाहनों में ही डालें।
- 2. जन्म-मृत्यु एवं विवाह का पंजीयन अवश्य करावें।
- 3. नगरपालिका में करों का भुगतान समय पर कर सहयोग प्रदान करें।
- 4. अपने घरों पर पानी का अपव्यय न करें तथा नलों में टोटियांं अवश्य लगावें।
- 5. पर्यावरण के कारण वृक्ष अधिक से अधिक संख्या में लगावें।
- 6. आजादी के अमृत महोत्सव में भाग लेते हुए घर-घर में तिरंगा अवश्य फहरावें।



श्री नीरज मनोरिया
अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद
अशोकनगर म.प्र.

श्रीमति रीना-मनोज जी शर्मा
उपाध्यक्ष
नगरपालिका परिषद अशोकनगर म.प्र.

प्रियंका सिंह
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
अशोकनगर

पार्षदगण- श्रीमति निक्की मोनू रघुवंशी वार्ड क्र. 01, श्री प्रमेन्द्र तायड़े (जॉर्ज) वार्ड क्र. 02, श्रीमति हेमलता-धर्मेन्द्र रघुवंशी वार्ड क्र. 03, डॉ. श्री जयमंडल सिंह यादव वार्ड क्र. 04, श्री आशुतोष देवलिया वार्ड 05, श्री धर्मेन्द्र रघुवंशी (सावन) वार्ड क्र. 06, श्रीमति कृष्णा देवी-संजीव जाटव वार्ड क्र. 07, श्रीमति गीता देवी आर्य वार्ड क्र. 08, श्रीमति मनजीत-गोविंद सिंह संधू वार्ड क्र. 09, श्रीमति शहनाज बानो पप्पू टेलर वार्ड क्र. 10, श्री राशिद खान (चिन्ना) वार्ड क्र. 11, श्रीमति रचना मनीष वार्ड क्र. 12, श्री विपिन शिवहरे वार्ड क्र. 13, श्रीमति रवि राजकुमार यादव वार्ड क्र. 16, श्रीमति किरण राजेन्द्र कुशवाह वार्ड क्र. 17, श्री रीतेश जैन "आजाद" वार्ड क्र. 18, श्रीमति शालिनी योगेश खैरा वार्ड क्र. 20, श्री महेन्द्र भारद्वाज वार्ड क्र. 21, श्रीमति आयुषी जैन सतू लोधी वार्ड क्र. 22

---

## समस्त नगर वासियों को आजादी के 75 में अमृत महोत्सव एवं स्वतंत्रता दिवस की

# हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

### अपील

नगर को साफ रखने में नियमित स्थान से कचड़ा डाले
जलकर संपन्ति कर अन्य बकाया करो की राशि कार्यालय में जमा कर नगर
के विकास कार्य मे अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करें।



**बाबूलाल कुशवाह**
मुख्य नगरपालिका
अधिकारी

**विमला नरेंद्र दुधारिया**
अध्यक्ष

**हाकिम चौधरी**
उपाध्यक्ष

## निवेदन-समस्त पार्षदगण,नगर परिषद दबोह जिला भिंड



**मा. शिवराजसिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**मा. नरोत्तम मिश्रा**
गृह मंत्री, मध्यप्रदेश

**मा. भूपेंद्र सिंह**
नगर विकास मंत्री, मध्यप्रदेश



**प्रशासक**
**बृज मोहन आर्य**



**कौशलेंद्र विक्रम सिंह**
कलेक्टर, ग्वालियर



**पीयुष श्रीवास्तव**
सीएमओ नगर परिषद

# पीछोर नगर परिषद
# समस्त पिछोर नगर वासियों से
# यह अपील करती है...

1. स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता का ध्यान रखे साथ ही कचड़ा नगर परिषद की कचरा लेने आने बाली गाड़ी में डाले।

2. डेंगू बीमारी डेंगू मच्छरों के काटने से होती है इसलिए डेंगू विमारी से बचने के लिए , आस पास गदंगी ना फैलाये, और ना आस पास गंदे पानी को एकत्रित होने दे। क्योकि मच्छरों पनपने का ऐसे स्थान बहुत उचित होते है ।

3. कोरोना से बचने के लिए वैक्सीन अवश्य लगवाए जिन्होंने प्रथम डोज लगवा लिया है वो दूसरा डोज अवश्य लगवाये, जिनको प्रथम डोज नही लगा है वो अपने आधार कार्ड को लेकर अस्पताल और वैक्सीनेशन शिविर में जाकर रजिस्ट्रेशन कराए और तुरंत वैक्सीन लगवाये। जिससे आप भी सुरक्षित रहे साथ में माता पिता और परिवार को सुरक्षित रखे।

4. पिछोर नगर परिषद हमेशा आपकी सेवा में तत्यपर्य है आप भी नगर परिषद का सहयोग करे जिससे पीछोर नगर परिषद का विकाश हो सके।

5. पेड़ पौधों को अवश्य लगाएं।

6. करों, नलों के विल का भुगतान अवश्य करें ।

7. कालिंदी उत्सव में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं ।

# खुल सकता है एक और घोटाला, सीआईडी ने विधायक की बेटी से की पूछताछ...

बंगाल में शिक्षक भर्ती घोटाले को लेकर मचा तूफान थमा भी नहीं था कि सीआईडी की एक टीम सोमवार को दूसरी बार बांकुड़ा पहुंची और भाजपा विधायक की बेटी से पूछताछ की। तृणमूल कांग्रेस ने बांकुड़ा के भाजपा विधायक नीलाद्री शेखर दाना पर अपनी बेटी मैत्री दाना को नदिया जिले के कल्याणी स्थित एम्स में अवैध रूप से नियुक्त कराने का आरोप लगाया है।

शिक्षक घोटाले के बाद से सरकार की किरकिरी हुई है। इस मामले में जिस तरह से सीआईडी ने तत्परता दिखाई है, उससे कयास लगाए जा रहे हैं कि बंगाल में एक और घोटाला खुल सकता है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के दो सांसदों, विधायकों समेत कुल आठ लोगों के खिलाफ एम्स में अवैध रूप से नौकरी दिलाने का आरोप लगा है। इस संबंध में कल्याणी थाने में मामला दर्ज कराया गया था। नीलाद्री खुद एक एडवोकेट हैं। इससे पहले इसी नियुक्ति मामले में भाजपा के विधायक बंकिम घोष के घर जाकर उनकी पुत्रवधु से भी सीआईडी ने पूछताछ की थी।

सूत्रों की मानें तो भाजपा विधायक नीलाद्री शेखर दाना ने कथित तौर पर अपनी बेटी मैत्री दाना को कल्याणी एम्स में नौकरी दिलाने के लिए अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया है। सोमवार को चार सीआईडी



अधिकारी विधायक के घर पहुंचे थे। इससे पहले 15 जुलाई को पूछताछ की गई थी।

आरोपियों की सूची में बांकुड़ा विधायक नीलाद्री शेखर दाना के अलावा बांकुड़ा के सांसद और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार, राणाघाट के सांसद जगन्नाथ सरकार, चकदा के विधायक बंकिम घोष और आठ भाजपा नेता शामिल हैं। इनमें बांकुड़ा विधायक नीलाद्री शेखर दाना की बेटी मैत्री दाना और चकदा विधायक बंकिम घोष की बहू अनुसुइया घोष फिलहाल एम्स में कार्यरत हैं। सुभाष सरकार ने कहा था कि कोई यह साबित कर दे कि उन्होंने अवैध रूप से किसी की नियुक्ति कराई है तो वह राजनीति छोड़ देंगे।



# विभाजन की मानसिकता को आज का हिंदुस्तानी नहीं करेगा बर्दाश्त : गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर रानी कमलापति स्टेशन में डिजिटल फोटो प्रदर्शनी का अनावरण

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि आज कोई भी हिंदुस्तानी , विभाजन की मानसिकता वालों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल में डिजिटल फोटो प्रदर्शनी का अनावरण करते हुए यह बात कही। मंत्री डॉ. मिश्रा ने रेलवे स्टेशन परिसर में 100 फीट ऊँचा तिरंगा भी फहराया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री देवीशरण और श्रीमती नारायण देवी अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। रेलवे डीआरएम श्री सौरभ बंदोपाध्याय, एडीजी श्री अशोक अवस्थी, बंसल ग्रुप के एमडी श्री सुनील बंसल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक मौजूद रहे।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने आजादी के अमृत महोत्सव में आमजन के मन में देश-भक्ति के भाव मजबूत करने के लिए 'हर घर तिरंगा' अभियान में हर घर पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज एक बार पुनः विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। डॉ.मिश्रा ने कहा कि हमारे राष्ट्र के अतिरिक्त संसार में और कहीं भी देश को माता का दर्जा प्रदान करने की मिसाल नहीं मिलती है। हमारे देश में राष्ट्र को 'भारत माता' कह कर पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के आह्वान पर आज पूरे देश में करोड़ों राष्ट्रध्वज शान से लहरा रहे हैं। मंत्री डॉ. मिश्रा ने विभाजन विभीषिका के स्मृति दिवस पर कहा कि देश ने वेद से विवेकानंद जी , उपनिषद से उपग्रह , हमारे आराध्य कृष्ण भगवान 'मोहन' से मोहनदास करमचंद गांधी और भीम से लेकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर तक की यात्रा की है। विभाजन किसी भी प्रकार का हो पीड़ादायी होता है। देश ने विभाजन की विभीषिका को झेला है। वसुधैव-कुटुंबकम का संदेश देने वाले देश को विभाजन का दंश झेलना पड़ा। इस त्रासदी को शब्दों में बयाँ नहीं किया जा सकता। इतना जरूर है कि आज कोई भी हिंदुस्तानी विघटनकारी और विभाजन को बढ़ावा देने वाली मानसिकता के लोगों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं है। हम सभी को संकल्प लेना होगा कि ऐसी मानसिकता को पल्लवित और पोषित करने वालों को हम आगे नहीं बढ़ने देंगे।



# नर्मदा में डूबने से इंदौर के युवक की मौत

नावघाटखेड़ी अंतर्गत डेहरिया क्षेत्र के नर्मदा तट स्थित शास्त्री जी के आश्रम में इंदौर से आया एक युवक नहाते समय डूब गया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद नाविकों ने उसके शव को कुछ दूरी पर नर्मदा में बाहर निकाल लिया है। वहीं घटना रविवार सुबह करीब 11.30 बजे की है। इंदौर के गोकुल दांगी परिवार की ओर से आश्रम में एक माह तक के लिए अनुष्ठान करवाया गया था। उसकी पूर्णा हुति पर दांगी अपने पूरे परिवार व स्टाफ के साथ यहां आए थे। इसी स्टाफ में 21 वर्षीय कमलेश पटेल मूल निवासी सतना व हाल मुकाम इंदौर बिना किसी को बताए रामघाट पर नहाने चला गया था। कमलेश दो अन्य साथियों के साथ स्नान कर रहा था। ओंकारेश्वर बांध की ओर से लगातार जल छोड़ने के कारण नर्मदा का जल स्तर व वेग भी बढ़ गया था। यही कारण है की कमलेश का नहाते समय अचानक पैर फिसल गया और वह डूबने लगा। साथी सदस्यों को लगा की वह मजाक कर रहा है, लेकिन जब कुछ देर तक वह बाहर नहीं आया तो उन्होंने घबराकर पूजन कर रहे अन्य लोगों को मामले की जानकारी दी। पानी अधिक होने के कारण गोताखोरों को बुलाया गया। जिसके बाद बाबूलाल मंगले, प्रदीप केवट व राजू पटेल की टीम के सदस्यों ने गोता लगाया। यहां घाट से कुछ दूरी पर ही झाड़ियों में उसका शव अटका हुआ मिला।





# IAS टीना डाबी बनकर अफसर से मांगा गिफ्ट, आरोपी गिरफ्तार




जैसलमेर की एक अधिकारी से ठगी का प्रयास कर रहा था। हालांकि, आरोपी ऐसा करने में विफल रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी ने टीना डाबी की डीपी लगाकर यूआईटी के सचिव सुनीता चौधरी से ठगी करने की कोशिश की। राजस्थान में ठगी के मामले दिन पर दिन बढ़ते जा रहे है, इसी बीच देश की आईएएस ऑफिसर और वर्तमान में जैसलमेर जिला कलेक्टर टीना डाबी के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने अपने वॉट्सऐप की डीपी पर टीना डाबी की तस्वीर लगाई हुई थी और जैसलमेर की एक अधिकारी से ठगी का प्रयास कर रहा था। हालांकि, आरोपी ऐसा करने में विफल रहा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी ने टीना डाबी की डीपी लगाकर यूआईटी के सचिव सुनीता चौधरी से ठगी करने की कोशिश की।

सुनीता चौधरी ने बताया कि उनके उनके व्हॉट्सएप पर एक मैसेज आया जो इंगलिश में था उसमें टीमा मैम की डीपी लगी हुई थी और नंबर दूसरा था। उन्होंने आगे बताया कि, पहले लगा कि कलेक्टर मैम को कई काम है तभी मैसेज किया है। उन्होंने बताया कि मैसेज में अमेजन गिफ्ट कार्ड के जरिए पेमेंट की मांग की गई थी, जिसके बाद उन्होंने सीधा टीना मैम को फोन लगाया और सच्चाई सामने आ गई। जैसे ही जिला कलेक्टर टीना को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत जिला पुलिस अधीक्षक को पूरी घटना बताई और मामले की गंभीरता से जांच करने के आदेश दिए। साइबर टीम की मदद से पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को पकड़ा। साइबर टीम को व्हाट्सएप नंबर डूंगरपुर से संचालित होने की जानकारी मिली, जिसके बाद जैसलमेर पुलिस ने तुरंत ही डूंगरपुर पुलिस को इसकी जानकारी दी और डूंगरपुर पुलिस ने इस मामले में आरोपी को पकड़ने में कामयाब रही।

# शादी करने से किया मना, गर्लफ्रेंड ने उस्तरे से काट दिया गला...

गाजियाबाद से बड़ा ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आ रहा है जहां 4 साल से लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाली प्रेमिका ने अपने प्रेमी की हत्या कर दी। महिला का नाम प्रीति बताया जा रहा है वहीं प्रेमी का नाम फिरोज था। बताया जा रहा है कि फिरोज ने प्रीति से शादी करने से इनकार कर दिया था जिसके बाद दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ। लड़ाई इतनी ज्यादा बढ़ गई कि गुस्से में प्रीति ने फिरोज की गर्दन उस्तरे से काट दिया। हत्या के बाद प्रीति ने लाश को 24 घंटे तक फ्लैट में ही छिपाकर रखा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी महिला प्रीति ने अपने पति दीपक यादव को छोड़ दिया था और 4 सालों से अपने प्रेमी फिरोज के साथ लिव-इन में रह रही थी। वहीं उत्तर प्रदेश के संभाल इलाके का रहने वाला फिरोज दिल्ली में काम करता था। कई दिनों से प्रीति अपने प्रेमी फिरोज पर शादी का दबाव बना रही थी लेकिन फिरोज ने प्रीति से शादी करने से इनकार कर दिया और कहा कि जो अपने पति का नहीं हो पाया वो मेरी क्या होगी। ये सुनने के बाद प्रीति काफी भड़क गई और पास रखे उस्तरे से फिरोज का गला काट दिया। इसके बाद प्रीति ने फिरोज के शव को एक बड़े से ट्रॉली बैग में डाल दिया और लाश को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। अगली रात जैसे ही प्रीति लाश वाली बैग को ठिकाने लगाने लगी तभी घर से कुछ दुरी पर गश्त लगा रही पुलिस ने प्रीति को रोक लिया। पुलिस ने जब प्रीति से पूछताछ की तो उन्हें उसपर थोड़ शक हुआ और बैग खुलवाया। पुलिसकर्मियों ने जब बैग खोला तो वह काफी दंग रह गए। सख्ती से पूछताछ होने पर प्रीति ने अपना जुर्म कबूल लिया और पूरी घटना पुलिस को बताई। पुलिस ने प्रीति को गरिफ्तार कर लिया है और कत्ल में इस्तेमाल होने वाले अस्तुरे को भी बरामद कर लिया है।



# सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है भारत, मंदी की कोई आशंका नहीं- वित्तमंत्री

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पिछले 2 साल में भारत को विश्व बैंक, IMF और दूसरी वैश्विक संस्थाओं द्वारा विश्व की विकास दर और भारत की विकास दर के बारे में कई बार आकलन है। हर बार जब उन्होंने आकलन किया है, विश्व की विकास दर उस अवधि में अनुमान से कम रही है, भारत की भी विकास दर अनुमान से कम रही है, लेकिन हर बार भारत की विकास दर सर्वाधिक रही है।

लोकसभा में आज महंगाई को लेकर चर्चा हुई चर्चा का जवाब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया। अपने बयान में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साफ तौर पर दावा किया है कि वर्तमान समय में भारत सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कोविड संकट के बावजूद वैश्विक एजेंसियों के आकलन में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने लोकसभा में कहा कि भारत में मंदी की कोई आशंका नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें देखना होगा कि दुनिया में क्या हो रहा है और भारत दुनिया में क्या स्थान रखता है। विश्व ने ऐसी महामारी का सामना पहले कभी नहीं किया। महामारी से बाहर आने के लिए हर कोई अपने स्तर पर काम कर रहा है, इसलिए मैं भारत के लोगों को इसका श्रेय देती हूं।

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद पिछले 2 साल में भारत को विश्व बैंक, IMF और दूसरी वैश्विक संस्थाओं द्वारा विश्व की विकास दर और भारत की विकास दर के बारे में कई बार आकलन है। हर बार जब उन्होंने आकलन किया है, विश्व की विकास दर उस अवधि में अनुमान से कम रही है, भारत की भी विकास दर अनुमान से कम रही है, लेकिन हर बार भारत की विकास दर सर्वाधिक रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की GDP में दूसरी तीमाही में 0.9% की गिरावट दर्ज की गई और पहली तिमाही में 1.6% की गिरावट दर्ज की गई थी। जिसे उन्होंने अनौपचारिक मंदी का नाम दिया। भारत में मंदी या मुद्रास्फीतिजनित मंदी का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि कई सदस्यों ने जो कुछ बातें कही हैं, उनमें से कुछ को कम किए बिना, मुझे लगता है कि यह कीमतों के बारे में डेटा-संचालित चिंताओं के बजाय मूल्य वृद्धि के राजनीतिक कोणों पर अधिक चर्चा थी। तो, मैं भी थोड़ा राजनीतिक जवाब देने की कोशिश करूंगी।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के सकल NPA 2022 में 6 साल में सबसे निचले स्तर 5.9% पर हैं। चीन के 4000 बैंक दिवालिया होने के कगार पर हैं परन्तु भारत में NPA कम हो रहे हैं। निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के सकल NPA 2022 में 6 साल में सबसे निचले स्तर 5.9% पर हैं। चीन के 4000 बैंक दिवालिया होने के कगार पर हैं परन्तु भारत में NPA कम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों के चलते सरकार पर कर्ज GDP का 56.9% है। IMF के डेटा के अनुसार भारत दूसरे देशों की तुलना में काफी अच्छी स्थिति में है जहां औसतन सरकार पर कर्ज GDP का 86.9% है। उन्होंने कहा कि GST संग्रह पिछले 5 महीनों से लगातार 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। 8 इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में जून में डबल डिजिट में बढ़ोतरी हुई।

जून में कोर सेक्टर में वार्षिक दर से 12.7% की



बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत सकारात्मक संकेत दिखा रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि रूस-यूक्रेन संकट, चीन के कई हिस्सों में लॉकडाउन, कोविड-वेव, ओमिक्रोन आदि के चलते अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित है, इसके बावजूद भी हम महंगाई को 7% से नीचे रखने की कोशिश कर रहे हैं।




सभी नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
नगर परिषद बानमोर जिला मुरैना म.प्र.
हमारा संकल्प कचरा एवं पॉलिथीन मुक्त बानमोर
कचरा मुक्त बानमौर । शौच मुक्त बानमौर
पॉलीथिन मुक्त बानमौर
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हर घर तिरंगा
घर-घर तिरंगा
सभी नगर वासियों से अपील
बानमोर को स्वच्छ नं. 1 बनाना है।
निकाय के करों का भुगतान निर्धारित समय पर अवश्य करें।
जल का अपव्यय न करें।
घर से ही कचरे को पृथ्क-पृथ्क कर निकाय के कचरा वाहन में ही डालें।
शहर के व्यवसायी प्रतिष्ठान – चाय, नास्ता, चाट, फल, हाथ ठेला, दौना गिलास आदि कचरा डस्टबिन में ही डालें।
खुले में शौच न जायें।
पौधरोपण अवश्य करें। पर्यावरण को स्वच्छ बनायें।
नगर में निरन्तर पॉलिथीन रोकने के लिए व्यापारिक प्रतिष्ठानों, हाथ ठेले वालों को नपा. कर्मचारियों के द्वारा समझाइश दी जा रही है व पॉलिथीन जब्ती कर उपयोग करने वालों पर जुर्माना भी किया जा रहा है।
श्रीमती गीता लक्ष्मण जाटव
अध्यक्ष, नपा बानमोर
राजवीर यादव
उपाध्यक्ष, नपा बानमोर
सियाशरण यादव
सीएमओ, नपा बानमोर
एवं समस्त पार्षद, कर्मचारीगण नगर परिषद बानमोर, जिला मुरैना (म.प्र.)


स्वतंत्रता दिवस की समस्त
नगरवासियों और देशवासियों को
बहुत बहुत
शुभकामनाएं
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
राज कुमारी परमार
थाना प्रभारी देहात डबरा


थाना पिछोर की ओर से समस्त पिछोर
वासियों को स्वतंत्रता दिवस की
बहुत बहुत
शुभकामनाएं
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
के डी कुशवाह
थाना प्रभारी पीछोर


नगर पालिका परिषद पोरसा, जिला मुरैना (म.प्र.)
75 वीं स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर एवं क्षेत्र वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
के साथ सुख समृद्धि की कामना करते हैं।
अपील
1.नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने में मदद करें।
2.जल अमूल्य है इसे बर्बाद न होने दें।
3.नलों में टोंटी लगाकर ही प्रयोग करें।
4.जल कर व अन्य करों का समय पर भुगतान करें।
5.कचरा कूड़ेदान व कचड़ा वाली वाहनों में ही डालें।
6. मैन रोड पर वाहन न खड़ा करें।
-पार्षद गण-
वार्ड क्र. 02 संजय वाल्मीक, वार्ड क्र. 03 अनवर खाँ, वार्ड क्र. 04 श्रीमती रमन गुप्ता
वार्ड क्र. 05 मोहन सिंह तोमर, वार्ड क्र. 06 श्रीमती ऊषा राजेश श्रीवास,
वार्ड क्र. 07 रामकुमार राठौर वार्ड क्र. 08 श्रीमती आरती मनोज,
वार्ड क्र. 09 कु. करिश्मा रामवीर, वार्ड क्र. 10 श्रीमती रामदेवी विजय सिंह
वार्ड क्र. 1 श्रीमती ऊषा कम्मोद सिंह, वार्ड क्र. 13 हरीशरण तिवारी,
वार्ड क्र. 14 रामनरेश शर्मा, वार्ड क्र. 15 सरोज देवी विष्णु सिंह
-कार्यालयीन स्टाफ-
श्रीमती कुसमलता रामवीर सिंह तोमर
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पोरसा
श्रीमती कृष्णा सुरेन्द्र सिंह तोमर
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पोरसा
सुरेन्द्र कुमार शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पोरसा

वरिष्ठ कृषि अधिकारी डबरा की ओर से
डबरा की जनता को 15 अगस्त की

## बहुत बहुत शुभकामनाएं

आज़ादी का अमृत महोत्सव



अशोक वर्मा
वरिष्ठ कृषि अधिकारी डबरा

---

समस्त देशवासियों एवं घाटीगांव की
जनता को स्वंतत्रता दिवस की

## बहुत बहुत शुभकामनाएं

आज़ादी का अमृत महोत्सव



शैलेन्द्र सिंह गुर्जर
घाटी गांव

---

उचाड पंचायत की ओर से सभी उचाड़ की जनता को 15 अगस्त की

# बहुत बहुत शुभकामनाएं...



श्रीमती रेणु बाला चतुर्वेदी
सरपंच उचाड़

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# देश से बाहर सेलिब्रेट करेंगी अपना बर्थडे अक्षरा सिंह



भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान रखने वाली अभिनेत्री अक्षरा सिंह आज यानी 30 अगस्त को अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करती हैं। एक्ट्रेस इस बार अपना 29वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रही हैं। अक्षरा सिंह को उनके शानदार अभिनय और गायकी के लिए तो जाना ही जाता है, इसके अलावा सोशल मीडिया पर वह काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर वीडियोज व तस्वीरों के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। आज अपने जन्मदिन के मौके पर भी उन्होंने वीडियो साझा कर फैंस का शुक्रिया कहा है। एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इस बार अपना जन्मदिन देश में नहीं मनाएंगी, उन्होंने जो लेटेस्ट वीडियो साझा किया है, उसमें वह फ्लाइट में नजर आ रही हैं और साथ ही खुद को बर्थडे विश भी करती हुई भी नजर आ रही हैं। इसके अलावा वह यह कहती भी दिखाई दे रही हैं कि जब तक भारत में 12 बजेंगे और आप सब मुझे कॉल और मैसेज करेंगे तब तक...हालांकि वह यहां रुक जाती हैं...कहती हैं कि आज वह अपना जन्मदिन फ्लाइट में ही मनाएंगी। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने सभी को जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया भी कहा। जानकारी के मुताबिक, एक्ट्रेस अक्षरा सिंह इस बार दुबई में जाकर अपना जन्मदिन सेलिब्रेट करेंगी।

## फैंस ने बरसाया जमकर प्यार

अक्षरा सिंह के अपना वीडियो साझा करते हुए कैप्शन में लिखा- मुझे जिंदगी के एक और साल हैप्पी बर्थडे टू मी के लिए थैंक यू भगवान। अक्षरा के वीडियो पर फैंस जमकर प्यार बरसाते नजर आ रहे हैं और प्रशंसकों ने कमेंट बॉक्स में एक्ट्रेस के लिए जन्मदिन की शुभकामनाओं की झड़ी लगा दी है। एक प्रशंसक ने लिखा- 'आप जियो हजारो साल ये हा मेरी कामना, हैप्पी बर्थडे मेरी सबसे फेवरेट मैडम जी और आपको दुनिया की सारी खुशी मिले यही मेरी दुआ है।' हैप्पी बर्थडे आप हमेशा मुस्कुराते रहो।



# एक्टिंग ही नहीं डांस में माहिर हैं देवोलीना...

छोटे पर्दे पर की मशहूर अदाकारा देवोलीना भट्टाचार्य आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्हें घर-घर में पहचाना जाता है। वह हर साल 22 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाती हैं। साल 1985 में असम में जन्मी देवोलीना इस साल अपना 37वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। उनका जन्म असम में एक बंगाली हिन्दू परिवार में हुआ था। शुरुआती शिक्षा उन्होंने वहीं से हासिल की और बाद में आगे की पढ़ाई के लिए वो दिल्ली चली आईं। आज उनके जन्मदिन पर आइए जानते हैं उनसे जुड़ी खास बातें।

यह बात बहुत कम लोगों को ही पता होगी कि देवोलीना एक्टिंग के साथ डांस भी बहुत अच्छा कर लेती हैं। भरतनाट्यम में उन्होंने खास ट्रेनिंग ली हुई है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में डांस रिएलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' से की थी। इस शो के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद उन्हें टीवी धारावाहिकों के ऑफर मिलने लगे जिसकी वजह से देवोलीना ने अपने करियर को डांस से एक्टिंग की तरफ मोड़ दिया।

साल 2011 में उन्होंने 'संवारे सबके सपने प्रीतो' में काम किया। लेकिन उन्हें असली पहचान साल 2012 में आए सीरियल 'साथ निभाना साथिया' से मिली। इस शो में गोपी बहू के किरदार को लोगों ने काफी पसंद किया है। बहुत कम समय में ही अपनी एक्टिंग से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बना ली।

देवोलीना को अगर टैलेंट का खजाना कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। डांसिग के साथ वह पढ़ाई में भी हमेशा आगे रही हैं। उन्होंने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी से फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई की है। एक्टिंग में करियर बनाने से पहले उन्होंने बतौर फैशन डिजाइनर भी काम किया है। आम लोगों के बीच लोकप्रियता के वजह से उन्हें साल 2013 में बिग बॉस में भी हिस्सा लेने का मौका मिला।

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़कीं अभिनेत्री आलिया भट्ट...

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों सुर्खियों में हैं। कुछ समय पहले ही अभिनेत्री ने अपनी प्रेग्नेंसी न्यूज देकर फैंस को खुश कर दिया था। इसके अलावा, आलिया की कई फिल्में भी रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें 'डार्लिंग्स' है, जो 5 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो रही है। इस फिल्म के लिए आलिया खूब प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने एक इंटरव्यू दिया, जिसमें अभिनेत्री ने आपत्तिजनक कमेंटबाजी पर खुलकर बात की है और बताया है कि वह कई बार तो इन कमेंट्स पर ध्यान ही नहीं देती हैं। आलिया ने ये भी खुलासा किया कि इंडस्ट्री में भी ऐसे बयानों का सामना करना पड़ता है।

आलिया भट्ट ने अपने इंटरव्यू में खुलासा किया कि कैसे महिलाओं को समाज में गलत चीजों का सामना करना पड़ता है और इंडस्ट्री में भी कई मौकों पर सेक्सिज्म होता है। अभिनेत्री ने कहा इन कमेंट्स को सुनकर उन्हें सेक्सिज्म का एहसास नहीं हुआ। लेकिन उन्हें इसके बारे में बाद में पता चला था। अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें इस बात पर बहुत गुस्सा आता है जब महिलाओं को उनकी ब्रा छिपाने के लिए कहा जाता है। आलिया भट्ट ने अपने बारे में बात करते हुए कहा कि मैंने कई बार आपत्तिजनक कमेंटबाजी का सामना किया है। हालांकि मैंने ध्यान नहीं दिया। लेकिन मैं इन सबके बारे में काफी सोचती हूं क्योंकि मैं इस मुद्दे पर जागरुक रहती हूं। सोचने पर मुझे समझ में आता है कि यह एक सेक्सिस्ट कॉमेंट था। कई बार मेरे दोस्त भी मुझे बोलते हैं कि मैं बहुत ज्यादा आक्रामक हो गई हूं। मैं बहुत सेंसिटिव हूं।

आलिया ने आगे कहा कि लोग मुझे कई बार कहते हैं कि इतना सेंसिटिव मत बनो। क्या तुम्हें पीरियड्स हुए हैं। तब मैं कहती हूं सेंसिटिव नहीं हूं और न कुछ और। तुम पैदा भी तो इसी वजह से हुए हो क्योंकि औरतों को मासिक धर्म होता है। आलिया ने आखिर में बताया कि मुझे इस बात पर बहुत गुस्सा आता है जब लोग बताते हैं कि आपकी ब्रा बिस्तर पर नहीं होनी चाहिए या फिर ब्रा को छिपाकर रखें? अरे क्यों? ऐसा मेरे साथ नहीं हुआ लेकिन महिलाओं को अपनी चीजें छिपाने होती है।



## 35 साल बाद तेलुगू फिल्म में काम करेंगे अनुपम खेर, रवि तेजा के साथ मिलकर मचाएंगे पैन इंडिया धमाल

बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी 528वीं फिल्म की घोषणा कर दी है। यह एक तेलुगू फिल्म है, जिसमें अनुपम खेर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। 'द कश्मीर फाइल्स' के प्रोड्यूसर अभिषेक अग्रवाल के बैनर तले बन रही इस फिल्म का नाम 'टाइगर नागेश्वर राव' है। बता दें कि अनुपम खेर 35 साल बाद तेलुगू फिल्म में काम कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 1987 में आई 'त्रिमुर्तुलु' में डॉन का किरदार निभाया था।




आज़ादी का
अमृत महोत्सव
श्री ओम प्रकाश सखलेचा
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री
आजादी के 75वें स्वतंत्रता दिवस
की समस्त देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं


आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर समस्त प्रदेशवासियों एवं
जिलेवासियों को बहुत सारी हार्दिक शुभकामनाएं
अमन सिंह राठौड़
पुलिस अधीक्षक दतिया
डॉ. नरोत्तम मिश्रा
गृहमंत्री म.प्र.
कमल मौर्य
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दतिया
राजू रजक
डीएसपी एजेके
प्रियंका मिश्रा
एसडीओपी दतिया
दीपक नायक
एसडीओपी बड़ोनी
कर्णिक श्रीवास्तव
एसडीओपी भांडेर
रसीद खान निरीक्षक
प्रभारी जिला विशेष शाखा
परमानंद शर्मा
निरीक्षक इंदरगढ़
शशि कुमार
निरीक्षक प्रभारी भांडेर
विजय सिंह तोमर
कोतवाली प्रभारी दतिया
सूरज मुद्गल स्टेनो पुलिस
अधीक्षक दतिया
सूबेदार दीपक साहू
प्रभारी रक्षित निरीक्षक दतिया
सूबेदार होतम सिंह बघेल
ट्रैफिक प्रभारी
सूबेदार नईम खान
दतिया
नंदिनी शर्मा
प्रभारी थाना लांच
वैभव गुप्ता
थाना प्रभारी डीपार
रिपुदमन सिंह
प्रभारी सोनागिर
अजय अंबे
थाना प्रभारी सरसई
यादवेंद्र गुर्जर
प्रभारी पंडोखर
विजय लोधी
थाना प्रभारी दुरसड़ा
भास्कर शर्मा
प्रभारी जिगना थाना
नीरज कुमार
थाना प्रभारी चिरूला
शैलेन्द्र गुर्जर
थाना प्रभारी बड़ोनी